C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 283 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - शुक्रवार, 17 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान पुलिस का 77 वां स्थापना दिवसः अपराधों में 18.77% कमी, 'जीरो टॉलरेंस' से मजबूत हुई कानून व्यवस्था

### सीएम भजनलाल शर्मा बोले कम्युनिटी पुलिसिंग से साइबर व संगठित अपराध पर लगेगा अंकुश, 8 हजार से अधिक कांस्टेबल भर्ती व पुलिस ढांचे का विस्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रदेश की कानून व्यवस्था की रीढ़ है और आमजन को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण देने में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करते हुए अपराध मुक्त राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस के साहस, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की तथा शहीद पुलिसकर्मियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल हर परिस्थिति में ढाल बनकर प्रदेशवासियों की सुरक्षा में जुटा हुआ है।

#### कम्युनिटी पुलिसिंग बनेगी मजबूत हथियार

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से साइबर अपराध, नशा और संगठित अपराध जैसी चुनौतियों से प्रभावी



ढंग से निपटा जा सकता है। जागरूक नागरिक इन अपराधों के खिलाफ सबसे मजबूत दीवार साबित होंगे।

#### अपराधों में आई उल्लेखनीय कमी

सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में कुल अपराधों में 18.77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। हत्या के मामलों में 25.68 प्रतिशत, डकैती में 47.26 प्रतिशत, लूट में 50.75 प्रतिशत तथा महिला अत्याचारों में करीब 10 प्रतिशत गिरावट आई है।

#### नशे व गैंगस्टर पर सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के गठन के साथ एक पुलिस थाना और 17



चौकियां स्थापित की गई हैं। वहीं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स संगठित अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई कर रही है। साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं।

#### पुलिसिंग मजबूत करने के लिए बड़े कदम

राज्य सरकार ने पुलिस बल को सशक्त बनाने के लिए 8 हजार से अधिक कांस्टेबलों को नियुक्ति दी है। साथ ही 2 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय, 2 उपाधीक्षक कार्यालय और 23 नए पुलिस थाने सृजित किए गए हैं।

इसके अलावा 1000 पुलिस मोबाइल यूनिट्स, नई चौकियां, वर्दी व मैस भत्ते में बढ़ोतरी जैसे निर्णय भी लिए गए हैं।

#### सम्मान और नई घोषणाएं

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए तथा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए नया पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया। मुख्य घोषणाएंः प्रशिक्षण संस्थानों में 5 नई बैरकों का निर्माण , पुलिस वेलफेयर फंड में 5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान , प्रथम चरण में 500 पुलिस आवासों का निर्माण रही

#### भव्य परेड ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में 12 प्लाटून की सेरेमोनियल परेड आयोजित हुई, जिसमें आरएसी, निर्भया स्क्वॉड, महिला बटालियन, एसडीआरएफ सहित विभिन्न इकाइयों ने हिस्सा लिया।

## 29 वर्षीय जवान की हार्ट अटैक से मौत, गांव में शोक की लहर

### इ्यूटी के दौरान बिगड़ी थी तबीयत, अस्पताल में भर्ती के बाद सुबह आया अटैक; आज राजकीय सम्मान से होगा अंतिम संस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

जिले के भदेसर उपखंड के धीरजी का खेड़ा गांव निवासी 29 वर्षीय सेना के जवान पहलवान गुर्जर का गुरुवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्हें अटैक आया और उनकी मृत्यु हो गई। इस खबर से गांव में शोक की लहर फैल गई है।

#### ड्यूटी पर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में कराया भर्ती

परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम ड्यूटी के दौरान पहलवान गुर्जर की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी और उन्हें घबराहट महसूस हो रही थी। इस पर उनके साथी जवान उन्हें तुरंत सेना के अस्पताल ले गए, जहां उन्हें भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।

गुरुवार सुबह करीब 6 बजकर 50 मिनट पर नई दिल्ली स्थित सेना के आरआर अस्पताल में उन्हें हार्ट अटैक आया, जिससे उनका निधन हो गया। घटना की सूचना भारतीय सेना द्वारा परिजनों को दी गई।

#### 2017 में सेना में हुआ था भर्ती

पहलवान गुर्जर 20 मार्च 2017 को



भारतीय सेना में भर्ती हुआ था । उनकी पहली पोस्टिंग नई दिल्ली में राजपूत रेजिमेंट की 24वीं बटालियन में हुई थी, जहां वे वर्तमान में सेवाएं दे रहे थे।

शहीद जवान का अंतिम संस्कार शुक्रवार सुबह 8 बजे उनके पैतृक गांव धीरजी का खेड़ा में किया जाएगा। सेना की ओर से उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी। गांव में अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और बड़ी संख्या में लोग अपने लाल को अंतिम विदाई देने के लिए जुट रहे हैं। पहलवान गुर्जर अपने पीछे 3 साल की एक मासूम बेटी को छोड़ गए हैं। उनके बड़े भाई रमेश गुर्जर स्थानीय पंचायत में कांग्रेस अध्यक्ष हैं, जबकि माता-पिता खेती-किसानी से जुड़े हुए हैं। जवान के असामयिक निधन से परिवार और पूरे गांव में गहरा दुख व्याप्त है।

## पति-पत्नी के विवाद ने लिया हिंसक रूप, चाकू से हमला कर दोनों घायल

### आपसी कहासुनी के बाद पत्नी पर वार, फिर पति ने खुद का गला काटा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** शहर में पति-पत्नी के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया, जहां पति ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया और इसके बाद खुद भी गले पर वार कर लिया। दोनों को गंभीर हालत में एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

घटना नांता थाना क्षेत्र में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है।

घायल महिला रीना (32) और उसका पति रोशन (35) सूर्य नगर, डकनिया स्टेशन के पास के रहने वाले हैं। रीना के भाई विनोद के अनुसार दोनों की शादी करीब 14 साल पहले हुई थी और उनकी एक 13 वर्षीय बेटी भी है। दोनों पति-पत्नी झालावाड़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में स्वीपर के रूप में कार्यरत थे और रोज साथ ही काम पर आते-जाते थे। जानकारी के अनुसार बुधवार को दोनों लंच के बाद बच्चों





को लेने कुन्हाड़ी स्थित रीना के पीहर जा रहे थे। लेकिन वे नांता-अभेड़ा महल की तरफ चले गए, जहां किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान रोशन ने रीना के गले पर चाकू से वार कर दिया और बाद में खुद पर भी हमला कर लिया। नांता थाना प्रभारी महेश कुमार गुर्जर ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल भिजवाया। फिलहाल दोनों के बयान लिए जाने बाकी हैं, जिसके बाद ही घटना के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। शुरुआती तौर पर मामला आपसी विवाद का माना जा रहा है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 30 हजार युवाओं को मिलेगा लाभ, जून तक 60 हजार आवेदन बैंकों को भेजे जाएंगे


**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत वित्त वर्ष 2026-27 में 30 हजार युवाओं को आर्थिक सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जून माह तक लक्ष्य से दोगुने यानी 60 हजार आवेदन बैंकों को अग्रेषित किए जाएंगे।

विभागीय योजना के अनुसार अप्रैल में 30 हजार, जबकि मई और जून में 15-15 हजार आवेदन बैंकों को भेजे जाएंगे। इसके लिए सभी जिलों को समयबद्ध लक्ष्य निर्धारित करते हुए दोगुने आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अप्रैल 2026 से जनवरी 2027 तक प्रत्येक माह के लिए लाभार्थियों की संख्या भी तय की गई है।

उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त नीलाभ सक्सेना ने बताया कि योजना के तहत अब तक 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनकी कुल ऋण राशि लगभग 3,580 करोड़ रुपये है। इनमें से 31 हजार से अधिक आवेदन जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्रों द्वारा बैंकों को भेजे जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 जनवरी 2026 को योजना का शुभारंभ किया गया था, जिसके बाद 22 जनवरी से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर प्रदेश में मजबूत आर्थिक ईको-सिस्टम तैयार करना है। इसके लिए मुख्यालय



स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

योजना में 8वीं से 12वीं तक शिक्षित युवाओं को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र के लिए 3.5 लाख रुपये तथा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए 7.5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। साथ ही अधिकतम 35 हजार रुपये तक की मार्जिन मनी भी प्रदान की जाएगी।

वहीं स्नातक, आईटीआई या उससे अधिक योग्यता रखने वाले आवेदकों को सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में 5 लाख रुपये तथा मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इसके साथ ही 50 हजार रुपये तक की मार्जिन मनी का प्रावधान है।

योजना का लाभ लेने के लिए युवा एसएसओ आईडी या ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, फोटो, शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता के दस्तावेज तथा संस्थागत आवेदन की स्थिति में 51 प्रतिशत स्वामित्व संबंधी प्रमाण आवश्यक होंगे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग किनारों से हटाए अतिक्रमण, होर्डिंग व बोर्ड

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण 758 द्वारा गुरुवार को अतिक्रमण हटाते हुए होर्डिंग व बोर्डो को हटाया गया, जिससे दुकानदारों में हड़कंप सा मच गया । भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राजमार्ग 758 पर स्थित दुकानदारों को गत दिनों नोटिस देकर दुकानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की हिदायत दी थी । आज गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटड़ी चौराहा, अगरपुरा, रुपाहेली चौराहा, चावंडिया चौराहा, कांदा चौराहा पर




सड़क के बीच से 15 मीटर के दायरे में हो रहे अतिक्रमण हटाकर होर्डिंग व बोर्डो आदि को हटाया गया, यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ।।

## आज 4 घंटे गुल रहेगी बिजली, सुबह 8 से 12 बजे तक शटडाउन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**( पुनीत चपलोत )** शहर के कई औद्योगिक और रिहायशी क्षेत्रों में शुक्रवार को चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एवीवीएनएल) द्वारा रखरखाव कार्य के चलते सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक शटडाउन रखा गया है।

विभाग के अनुसार 11 केवी यूडीआईए (UDIA) फीडर पर आवश्यक रखरखाव एवं लाइन मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी, जिससे औद्योगिक इकाइयों के संचालन और घरेलू कार्य प्रभावित होंगे। शटडाउन के दौरान स्वास्तिक प्रोसेज, एस.बी. सिल्क, आदर्श, राधिका, तुलसी, कोहिनूर, प्रताप, प्रिया और श्री श्रीनाथ प्रोसेज सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसके अलावा रोड़ास क्षेत्र, गिरिराज पेपर मिल, आरटीओ ऑफिस, बालाजी फिटनेस, वर्धन, सुखवाल बेकरी और आसपास के रिहायशी इलाकों में भी सप्लाई प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य पहले ही पूर्ण कर लें, ताकि शटडाउन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।




C M Y K

# बंपर पैदावार के बावजूद किसान बेहाल, MSP से 700रु. कम में बिक रहा गेहूं

## खरीद केंद्र नहीं होने से आसींद के किसानों को नुकसान, 50-60 किमी दूर मंडियों में भी जूझ रहे परेशानी से

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



क्षेत्र में इस वर्ष गेहूं की बंपर पैदावार होने के बावजूद किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2735रु. प्रति क्विंटल होने के बावजूद किसानों को मजबूरन अपनी उपज 2000रु. से 2200रु. प्रति क्विंटल के भाव पर खुले बाजार में बेचनी पड़ रही है। इससे किसानों को प्रति क्विंटल 500रु. से 700रु. तक का सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर प्रेस क्लब आसींद ने आवाज उठाई है।पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर भीलवाड़ा के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपकर आसींद में तत्काल सरकारी गेहूं खरीद केंद्र शुरू करने की मांग की है। समस्या की मुख्य वजह स्थानीय स्तर पर खरीद केंद्र का अभाव है। आसींद उपखंड क्षेत्र में लगभग 10 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर गेहूं की खेती होने के बावजूद यहां सरकारी खरीद की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए 50 से 60 किलोमीटर दूर गुलाबपुरा या विजयनगर मंडियों का रुख करना पड़ता है, जहां स्लॉट बुकिंग और अन्य प्रक्रियाएं उनके लिए बड़ी चुनौती बन जाती हैं।

किसानों का कहना है कि आसींद में कृषि उपज मंडी और सहकारी समितियां होने के बावजूद चना और सरसों की खरीद तो हो रही है, लेकिन मुख्य फसल गेहूं के लिए खरीद केंद्र का अभाव किसानों के साथ अन्याय है। प्रेस क्लब आसींद के संरक्षक दिनेश साहू ने कहा कि यह स्थिति किसानों के हितों के खिलाफ है और तत्काल समाधान की आवश्यकता है।

प्रेस क्लब ने प्रशासन से मांग की है कि आसींद उपखंड मुख्यालय पर तुरंत गेहूं खरीद केंद्र खोला जाए और कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर किसानों के लिए विशेष आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा की जाए। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से इस मुद्दे पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र हस्तक्षेप करने की अपील की गई है, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**



राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर बीगोद स्थित स्थानीय पुलिस थाने में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवजीवन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पुलिस थाने का भ्रमण कर पुलिस की कार्यप्रणाली एवं कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।कार्यक्रम के तहत थानाधिकारी जय सुल्तान ने विद्यार्थियों को आपराधिक कानून, महिला सुरक्षा एवं पुलिस की जनसेवा से जुड़ी गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को समाज में कानून के महत्व को समझाते हुए जागरूक रहने का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर पुलिस थाने व कार्यालय परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया, जिससे वातावरण स्वच्छ एवं व्यवस्थित बना। विद्यार्थियों को पुलिस थाने के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया गया तथा मालखाना सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कराया गया। थानाधिकारी ने बच्चों से सवाल-जवाब भी किए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सही उत्तर दिए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मोबाइल के सदुपयोग के बारे में जानकारी दी गई, वहीं बालिकाओं को आत्म-सुरक्षा के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम से विद्यार्थियों में पुलिस के प्रति विश्वास और कानून के प्रति जागरूकता बढ़ी।

# बाबा रामदेव मूर्ति स्थापना को लेकर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



कस्बे में बाबा रामदेव मूर्ति स्थापना समारोह के अंतर्गत बलाई समाज द्वारा ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:15 बजे पंडित राजू लाल (जोजवा) द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गणपति स्थापना एवं ध्वज स्थापना से हुई।

समाजजनों के अनुसार आगामी कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे । 19 अप्रैल को सुबह 9:15 बजे जल यात्रा तथा दोपहर 2:15 बजे देव आह्वान एवं अग्नि स्थापना होगी। 22 अप्रैल को दोपहर 2:15 बजे तुलसी विवाह बारात का स्वागत किया जाएगा तथा रात्रि 8:15 बजे सत्संग कार्यक्रम आयोजित होगा। 23 अप्रैल को प्रातः 7:15 बजे मूर्ति एवं कलश स्थापना, 10:15 बजे तुलसी विवाह, दोपहर 1:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में पूर्णाहुति तथा 3:15 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।

समारोह को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# कथा के बाद भी सेवाः मेडिसिटी ग्राउंड में श्रमदान कर कार्यकर्ताओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

## लाखों श्रद्धालुओं के बाद फैले कचरे की सफाई, विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में अनूठी पहल





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

बड़े आयोजनों के बाद सफाई की जिम्मेदारी अक्सर प्रशासन पर छोड़ दी जाती है, लेकिन भीलवाड़ा में एक अलग ही मिसाल देखने को मिली। न्यू आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के समापन के बाद आयोजन समिति और कार्यकर्ताओं ने खुद मैदान में उतरकर श्रमदान के माध्यम से सफाई कर स्वच्छता का अनूठा संदेश दिया

गौरतलब है कि 8 से 14 अप्रैल तक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए थे। कथा समाप्ति के बाद मैदान में फैले कचरे को साफ करने के लिए गुरुवार सुबह आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं विधायक अशोक कुमार कोठारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता श्रमदान के लिए मैदान में पहुंचे। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ करीब एक घंटे तक सफाई अभियान चलाया, जिसमें मैदान के बड़े हिस्से से कचरा हटाया गया। इस दौरान बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सभी ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

मैदान के विशाल क्षेत्र को पूरी तरह स्वच्छ बनाने के लिए समिति ने शुक्रवार और शनिवार को भी सुबह 6:30 से 8 बजे तक श्रमदान जारी रखने का निर्णय लिया है। इस पहल को देखकर आम नागरिकों ने भी इसकी सराहना की।

विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि किसी स्थान का उपयोग करने के बाद उसे स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिसिटी ग्राउंड पर जब तक चिकित्सा संस्थान का निर्माण शुरू नहीं होता, तब तक इसे खेल मैदान के रूप में उपयोग करने के प्रयास किए जाएंगे।

श्रमदान के बाद मैदान में ही आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कथा आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया गया। विधायक कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा में भक्ति का नया इतिहास रचने वाले इस आयोजन की सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं की अथक सेवा और समर्पण को जाता है।

समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन कर आयोजन को सफलता के शिखर तक पहुंचाया।

बैठक में देवालाल गुर्जर, सत्यनारायण गुगड़, बाबूलाल टांक सहित अन्य सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए और टीम भावना से किए गए कार्य को अनुकरणीय बताया। संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया। इस अवसर पर कन्हैयालाल स्वर्णकार, रामेश्वरलाल ईनाणी, मंजू पोखरना, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रामलाल योगी सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# सक्षम कौशल विकास केंद्र पर नया बैच 25 से, 400 से अधिक महिलाएं हो चुकी हैं लाभान्वित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महिलाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सक्षम कौशल विकास केंद्र द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षाओं का नया बैच 25 अप्रैल से प्रारंभ किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती महिला इकाई एवं स्नेह समर्पण फाउंडेशन द्वारा संचालित यह केंद्र पिछले 3 वर्षों से सिलाई, मेहंदी एवं ब्यूटी पार्लर जैसे कोर्स सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है और अब तक 400 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ा चुका है। इस नवीन बैच में भी सिलाई, ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी के कोर्स उपलब्ध रहेंगे, जिनकी अवधि 3 माह निर्धारित की गई है। कक्षाएं प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित की जाएंगी। प्रशिक्षण स्थल अग्रसेन विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नेहरू रोड, रोडवेज बस स्टैंड के पास, भीलवाड़ा रहेगा। लघु उद्योग भारती महिला इकाई की अध्यक्ष पल्लवी लढा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्य में स्नेह समर्पण फाउंडेशन की मोनिका गर्ग एवं अग्रवाल समाज सेवा संपत्ति ट्रस्ट का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिनकी ओर से प्रशिक्षण हेतु निःशुल्क भवन उपलब्ध कराया गया है। आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा तथा सीमित सीटों को ध्यान में रखते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से शीघ्र पंजीकरण कराने का आग्रह किया गया है।

# प्रयोगशाला सहायक संघ के जिलाध्यक्ष बने प्रेमदत्त शर्मा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



विश्व लैब टेक्नीशियन दिवस पर सभी साथियों की सहमति से प्रेमदत्त शर्मा को प्रयोगशाला सहायक संघ के जिलाध्यक्ष के लिए चयन किया गया। इस मौके पर नए जिलाध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। आगामी 10 मई को नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर अरविंद सनाढ्य, अनिल पहाडिया, कपिल जोशी, रामपाल भांड, नवनीत शर्मा, नासिर सिलावट, लोकेश नामधरानी, दिनेश व्यास, शक्ति सिंह, राजेश धाकड़, लोकेश शर्मा, मातृशक्ति नीतू जैन उपस्थित रहे।

# कालियास में भीषण आग से हड़कंप, सिलेंडर धमाकों से दहला इलाका

## हार्डवेयर दुकान में लगी आग ने लिया विकराल रूप, लाखों का सामान खाक

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



क्षेत्र के कालियास गांव में बुधवार देर शाम लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। बस स्टैंड के पास स्थित एक हार्डवेयर दुकान में अचानक भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग के साथ हुए सिलेंडर विस्फोटों से हालात और भयावह हो गए तथा आसपास के लोग दहशत में आ गए।

जानकारी के अनुसार, यह आग बस स्टैंड के पास भंवर सिंह चुंडावत की हार्डवेयर दुकान में रात करीब 9 बजे लगी। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया।

घटना के दौरान दुकान में रखे दो गैस सिलेंडरों में जोरदार विस्फोट हुआ। धमाकों की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विस्फोट के कारण पास के कुछ मकानों को भी आंशिक नुकसान पहुंचा।

आग की लपटों ने बिजली के तारों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सिलेंडर ब्लास्ट के कारण लोग सहमे रहे।

घटना की सूचना पर संगम इंडिया लिमिटेड ,सुदिवा स्पिनर्स, नगर पालिका और नगर निगम भीलवाड़ा की दमकल टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि दुकान से देर रात तक धुआं और लपटें उठती रहीं। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुण्य स्मृति पर जीवदया कार्यक्रम, गौसेवा व परिंडे लगाए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



गुरुणी मैया श्री सिद्ध कंवर म.सा., उनकी सुशिष्या विनय प्रभा म.सा. एवं दिव्य प्रभा म.सा. की 18वीं पुण्य स्मृति तथा संथारा साधक रतन लाल बम्ब की द्वितीय पुण्य स्मृति के अवसर पर वेणी सिद्ध सेवा संस्थान में जीवदया कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के तहत गौवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था की गई, वहीं कबूतरों के लिए मक्की डालकर एवं पानी के परिंडे लगाकर जीवों की सेवा की गई। यह सेवा कार्य मंजू देवी, राकेश कुमार, निकिता, सिद्धिका, श्रेष्ठा एवं अद्विक बम्ब के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भूपेंद्र पगारिया, भवर चोरड़िया, मनोहर नानेचा, सुशील चपलोत, श्रवण खारीवाल, प्रवीण सोनी, राज कुमार काकरिया, कैलाश बड़ौला, सोहन लाल बम्ब, हिम्मत खारीवाल, मुकेश डांगी, बलवंत नानेचा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में यश सिद्ध महिला मंडल की मंत्री सरोज राका, उपाध्यक्ष रितु नानेचा, कोषाध्यक्ष इंदु बम्ब सहित महिला मंडल की सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# पुलिस स्थापना दिवस पर पौधारोपण, दिया हरियाली का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**(परमेश्वर)** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर थाना परिसर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना अधिकारी बच्छराज धायल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और हरियाली का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का आधार भी हैं। इस अवसर पर भूपेंद्र गिरी, देवराज कानी, मुकेश सेवदा, मनोज कानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



QUICK BITES

## सीबीएसई 10वीं में राजित माहेश्वरी ने 91.80% अंक हासिल किए

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**




**(रोशन)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10वीं कक्षा के घोषित परिणाम में बरूदनी निवासी राकेश कुमार सोनी के पुत्र राजित माहेश्वरी ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

राजित की माता रेखा देवी सोनी ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजित भीलवाड़ा स्थित,'स स्टीवर्ड मॉरिस स्कूल के छात्र हैं। विद्यालय परिवार ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने स्कूल और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर परिजनों और शिक्षकों ने राजित को शुभकामनाएं देते हुए संदेश दिया कि 'नवीन चुनौतियां और नया आकाश तुम्हारे संकल्प का इंतजार कर रहा है, निरंतर आगे बढ़ते रहो। 'राजित की सफलता से बरूदनी क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर गजेंद्र साहू, श्यामलाल अहीर, हरिऊजी वर्मा, शंकर सोनी, शैतान सिंह शक्तावत सहित कई गणमान्य नागरिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पंचायत समिति का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### एसडीओ श्रीकांत व्यास ने कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड व लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**



**(परमेश्वर)।** उपखंड अधिकारी श्री कांत व्यास ने गुरुवार को पंचायत समिति कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड संधारण एवं आमजन से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीओ व्यास ने कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन के कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचना चाहिए। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे

## भाविप भगत सिंह शाखा का सेवा सप्ताह, 10 हजार से अधिक लोगों तक पहुंची मदद

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा द्वारा सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान शाखा के सदस्यों ने जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचकर सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी। शाखा के सचिव मुकेश छीपा ने बताया कि 10 से 16 अप्रैल तक आयोजित सेवा सप्ताह की शुरुआत गौ सेवा से की गई। इसके बाद सप्ताहभर महापुराण कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए नमकीन पैकेट वितरण, चाय सेवा, जल वितरण, ठंडाई एवं फल वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंबेडकर जयंती के अवसर पर गरीब मजदूरों को फल वितरित किए गए तथा पक्षियों के लिए 100 परिंडे भी लगाए गए। सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग प्रभारी नियुक्त किए गए और प्रत्येक कार्यक्रम में करीब 25 सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। अब तक इन सेवा कार्यों के माध्यम से 10 हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा चुकी है और सेवाकार्य निरंतर जारी है। कार्यक्रम में शाखा की महिला एवं पुरुष सदस्यों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और समाज सेवा के इस अभियान को सफल बनाया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बाल विवाह रोकने को लेकर गांवों में जागरूकता, साक्षरता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**




तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार गुरुवार को कल्याणपुरा एवं सुखपुरा ग्राम में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में पीएलवी अंजली नायक एवं गोपाल लाल पाराशर ने उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम उम्र में विवाह और गर्भधारण से महिलाओं को प्रसव के दौरान गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है ।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण बालिकाओं की शिक्षा बाधित हो जाती है, जिससे उनका व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास प्रभावित होता है। जागरूकता के दौरान विवाह की वैधानिक आयु की जानकारी देते हुए लोगों से बाल विवाह रोकने में सहयोग करने का आह्वान किया गया। शिविर में देवीलाल बलाई, लादू बलाई, ललित रेगर, दुर्गेश रेगर, कमलेश बलाई, अंशुल बलाई, चंद्रप्रकाश बलाई, धना लाल बलाई, संतरा देवी, सानिया, पुष्पा देवी, मीरा देवी, मोहिनी देवी, मांगी देवी, अनु, नंदकिशोर, कांता देवी, रामपाली देवी, इंद्रा देवी, महावीर, दुर्गालाल, दूधा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कला दिवस पर 'संचिना' ने जगाई सृजन की लौ, छात्राओं की प्रतिभा ने भरा रंगों का आसमान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**




विश्व कला दिवस के अवसर पर शाहपुरा क्षेत्र में कला को नई दिशा देने का सराहनीय प्रयास करते हुए संचिना कला संस्थान ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और समर्पण का परिचय दिया। संस्थान की ओर से पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विभिन्न कला प्रतियोगिताओं ने छात्राओं की रचनात्मकता को खुलकर मंच प्रदान किया।

संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष राम प्रसाद पारीक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जल बचाओ, बेटी बचाओ, पृथ्वी बचाओ, प्रदूषण रोको जैसे समसामयिक और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों के साथ-साथ वीर माता माणिक कंवर का चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 20 से अधिक छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने पर प्रथम स्थान सुनीता माली एवं मनीषा साहू, द्वितीय स्थान राधिका गुर्जर एवं नादिरा शेख, तथा तृतीय स्थान दीक्षा सुनारिया ने प्राप्त किया। विजेताओं को संचिना कला संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल पियूष गदिया, प्रतियोगिता प्रभारी इंदिरा धूपिया, वरिष्ठ अध्यापक इंदिरा जैन, आयशा सिद्दीकी एवं मेघा केवलानी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अध्यक्ष राम प्रसाद पारीक ने अपने संबोधन में कहा, 'कला ही जीवन का सार है। कला मन के विचारों को अभिव्यक्ति देने का सबसे सशक्त माध्यम है। विश्व कला दिवस पर छात्राओं के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर हमें गर्व का अनुभव हो रहा है। संचिना संस्थान लगातार बाल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रयासरत है। 'कार्यक्रम के अंत में पियूष गदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बाबा रामदेव मूर्ति स्थापना को लेकर भव्य जलयात्रा

### त्रिवेणी संगम से निकली शोभायात्रा, भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु






**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

नगर के श्री बाबा रामदेव मंदिर में मूर्ति स्थापना महोत्सव के तहत गुरुवार को त्रिवेणी संगम से भव्य जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए मंदिर पहुंचे। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा और 'बाबा रामदेव' के जयकारों से माहौल गूंज उठा। महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को मंडप पूजन एवं हवन, रविवार को मूर्ति एवं कलश का महाअभिषेक तथा सोमवार को मूर्ति स्थापना, कलश प्रतिष्ठा एवं तुलसी विवाह का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

यज्ञाचार्य पंडित सत्यनारायण दागीच ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से वातावरण पवित्र और आध्यात्मिक बनता है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जलयात्रा के दौरान मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव के जयकारे लगाए और आयोजन को सफल बनाने में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

# चावंडिया फूलडोल महोत्सव में भक्तिमय भजनों पर झूमे श्रद्धालु

### छप्पन भोग, शोभायात्रा और भजन संध्या ने बांधा समां; रातभर गूंजे ठाकुरजी के जयकारे





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के चावंडिया गांव में बुधवार को श्री चारभुजा नाथ फूलडोल महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव के तहत अभिषेक, छप्पन भोग एवं रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर भजनों पर झूमते नजर आए। शाम करीब 6:15 बजे चारभुजा नाथ रजत रैवाड़ी में विराजमान होकर निज मंदिर से बाहर निकले। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। डीजे, ढोल-नगाड़ों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई रात्रि 9:15 बजे चामुंडा माता तालाब स्थित फूलडोल पांडाल पहुंची। रात्रि 10:15 बजे विशाल भजन संध्या का आगाज श्री देव म्यूजिकल ग्रुप सूरास के बैनर तले हुआ। भजन गायक धर्मराज मेजा ने गणपति वंदना व गुरु वंदना के साथ शुरुआत करते हुए कई भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद प्रेम शंकर जाट, तृषा सुथार, आयुष शर्मा आकोला, गणेश सुथार एवं धर्मराज शर्मा चावंडिया ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

भजन संध्या में 'बैठा चावंडिया रे माई चारभुजा नाथ कहावो...' सहित कई लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर नाचते-गाते नजर आए। वहीं हंसा रंगीली ने भी अपनी प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान नृत्यांगना पूजा राजस्थानी, हंसा रंगीली, पिंकी कोटा एवं राधिका कोटा ने अपने नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। मंच संचालन राजा बाबू ने किया। मध्यरात्रि में छप्पन भोग प्रसादी का वितरण किया गया।

# अम्बेडकर दृष्टि से समता का संदेश, युवाओं को दिया सामर्थ्य का आह्वान

## एमडीएसयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सामाजिक समरसता पर दिया जोर






**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी** । महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय स्थित अम्बेडकर शोधपीठ के तत्वावधान में 'अम्बेडकर दृष्टि समता से सामर्थ्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. लालाराम बैरवा (शाहपुरा विधायक एवं विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल सदस्य) ने भाग लेकर सामाजिक समरसता के महत्व पर जोर दिया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. बैरवा ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचार केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने 'समता से सामर्थ्य' के मूल मंत्र को स्पष्ट करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षित बनकर समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लें।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जसवंत खत्री (क्षेत्रीय कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजस्थान) ने बाबा साहेब के राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने में सक्षम हैं।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. सुरेश अग्रवाल ने की। उन्होंने अम्बेडकर शोधपीठ के शैक्षणिक उद्देश्यों एवं सामाजिक सरोकारों की जानकारी देते हुए ऐसे आयोजनों को सकारात्मक विचारधारा के प्रसार में महत्वपूर्ण बताया। वहीं मानद निदेशक प्रो. शिव प्रसाद ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।


कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में 19 अप्रैल को प्रथम सामूहिक सकल हिन्दू समाज विवाह महोत्सव

## निंबार्क आश्रम में वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरुआत, हाथ-धान व मेहंदी-हल्दी की रस्में सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्री निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में महन्त मोहन शरण शास्त्री के सानिध्य में 19 अप्रैल अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले प्रथम सामूहिक सकल हिन्दू समाज विवाह महोत्सव का शुभारंभ निंबार्क आश्रम में पारंपरिक रस्मों के साथ हो गया है।



मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि विवाह समिति की महिलाओं ने मंगल गीतों के साथ हाथ-धान की रस्म अदा कर कार्यक्रमों की शुरुआत की। इसके साथ ही मेहंदी एवं हल्दी की रस्म भी सम्पन्न हुई। महिलाओं ने 'आओ सखी आओ, मुझे मेहंदी लगा दो...' जैसे पारंपरिक गीतों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया।

रात्रि में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जबकि शुक्रवार को निंबार्क आश्रम में विवाह गीत एवं भजन संध्या आयोजित की जाएगी। वहीं 18 अप्रैल को रात्रि 8 बजे ऋष्य श्रृंग संस्थान में महिला संगीत का कार्यक्रम रखा गया है।

मुख्य विवाह समारोह 19 अप्रैल को ऋष्य श्रृंग संस्थान, हरणी महादेव मार्ग, शास्त्रीनगर में संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7:15 बजे गणपति पूजन एवं कलश स्थापना से होगी। इसके बाद 9:15 बजे चित्रकूट धाम, नगर निगम से शोभायात्रा एवं बारात प्रस्थान करेगी।

दोपहर 11:15 बजे तोरण एवं बारात स्वागत, 12:15 बजे वरमाला एवं संत सम्मान, 1:15 बजे स्वरुचि भोज तथा 2:15 बजे पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न होंगे। सायं 4:15 बजे विदाई समारोह के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# टॉपर छात्रों के नाम पर अब कक्षा कक्ष, राउमावि पडासोली की अनूठी पहल

## मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी स्थायी पहचान, स्कूल में बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई का माहौल




**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पडासोली ने एक सराहनीय पहल की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव दर्शनसिंह खींची के नेतृत्व में अब बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं के नाम पर विद्यालय के कक्षा कक्षों का नामकरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। प्रधानाचार्य खींची ने बताया कि जब छात्र अपने ही साथियों के नाम कक्षा कक्षों के बाहर अंकित देखेंगे, तो उनके भीतर भी वैसा ही सम्मान पाने की प्रेरणा जागृत होगी।

विद्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार 10वीं, 12वीं (कला एवं विज्ञान) एवं 8वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों में मुस्कान और कोमल ने क्रमशः 93.40% एवं 93.83% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं रितिका और जसोदा ने 91 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मनीषा, समता एवं उर्मिला ने 12वीं बोर्ड में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इसके अलावा ललिता (ग्रेड-A), मोनिका एवं कनिष्का ने भी अपनी-अपनी श्रेणियों में श्रेष्ठ उपलब्धियां दर्ज कराईं।

प्रधानाचार्य शिव दर्शनसिंह खींची ने बताया कि 'हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक छात्र यह महसूस करे कि उसकी मेहनत को न केवल सराहा जाएगा, बल्कि उसे विद्यालय के इतिहास में स्थायी पहचान भी मिलेगी। इस नवाचार की पूरे गांव में सराहना हो रही है।

# शीतल गच्छ यश गुरुणी प्रोत्साहन मंडल द्वारा साध्वियों के वर्षीतप पर चौबीसी आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के शीतल स्वाध्याय भवन काशीपुरी में विराजमान महासाध्वी ज्ञानकंवर, साध्वी पुष्पलता, साध्वी सुप्रभा, साध्वी मणिप्रभा एवं साध्वी सुमनप्रभा के सानिध्य में शीतल गच्छ यश गुरुणी प्रोत्साहन महिला मंडल द्वारा वर्षीतप की आराधना कर रही साध्वी प्रतिभा, ज्योतिप्रभा, साध्वी रुचिका आदि तपस्विनियों के तप पर चौबीसी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। मंडल की कार्याध्यक्ष नीता बाबेल, राखी खमेसरा, मैना बाफना, शकुंतला खमेसरा, टीना बापना, हेमलता खेराड़ा, सुशीला सिंघवी, सुशीला गोखरू, अनु मेहता, मीना कोठारी, सरोज मेहता सहित अन्य बहनों ने तपस्विनियों की अनुमोदना करते हुए उनके संयम, अनुशासन और साधना के प्रति सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर विराजित साध्वियों ने वर्षीतप तप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह



तप आत्मसंयम और आत्मशुद्धि की साधना का महत्वपूर्ण मार्ग है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की आराधना व्यक्ति के आत्मबल को सुदृढ़ करती है और जीवन में संयमित दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होती है। साथ ही तपस्वनी साध्वीयो तप मंगल बधाई दी। अंत में मंडल द्वारा सभी को प्रभावना की गई।

## QUICK BITES

# स्कूली बच्चों को पिलाई गई स्वदेशी ऑर्गेनिक छाछ, स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




सुभाषनगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में शांत क्रांति महिला संघ द्वारा स्कूली बच्चों के लिए स्वदेशी, स्वास्थ्यवर्धक एवं पौष्टिक ऑर्गेनिक छाछ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों को देशी गाय की शीतल छाछ पिलाकर स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया गया।

संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष लीला हेमंत कोठारी ने बताया कि संस्था की सदस्य मधु एवं पिंकी चिप्पड़ के सहयोग से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रारंभ से ही स्वदेशी एवं पौष्टिक आहार के प्रति प्रेरित करना आवश्यक है।

मनीष बम्ब ने बताया की कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष सरोज लोढ़ा, सीमा डांगी, प्रिंसिपल उर्मिला जोशी, मधु जैन, मीनू कोठारी, सरोज लोढ़ा, संरक्षक हेमंत कोठारी, नेहा बोथरा, रामभजन शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संस्था महामंत्री नेहा छाजेड़ ने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा स्वास्थ्यवर्धक पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# 20 दिन से पानी बंद, वार्ड 52 के लोग परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर के वार्ड संख्या 52 स्थित कोली मोहल्ला में पिछले करीब 20 दिनों से पेयजल सप्लाई पूरी तरह ठप होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

इसको लेकर यूथ कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा के सदस्य रवि कुमार कोली ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की सप्लाई बंद है, वहीं पूर्व में पाइपलाइन से गंदा पानी आने की समस्या भी सामने आ चुकी है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा बना हुआ है। इसके अलावा वार्ड की सड़कें भी जर्जर स्थिति में हैं, जिससे आमजन को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कोली ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत पेयजल सप्लाई शुरू करवाई जाए, पाइपलाइन की जांच कर आवश्यक सुधार किया जाए तथा सड़कों की मरम्मत कार्य जल्द शुरू किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# भेरूखेड़ा विद्यालय में भामाशाह का सहयोग, 20 सेट टेबल-स्टूल भेंट

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**



पंचायत समिति क्षेत्र के गन्धेरी ग्राम के भेरूखेड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह प्रभुलाल गुर्जर द्वारा 20 सेट टेबल-स्टूल भेंट किए गए। इससे विद्यालय में विद्यार्थियों की बैठने की समस्या का समाधान हुआ है और अब उन्हें बेहतर वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भामाशाह प्रभुलाल गुर्जर ने टेबल-स्टूल विद्यालय प्रशासन को सौंपे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य व स्टाफ ने साफा व माला पहनाकर उनका स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि संसाधनों की कमी से जूझ रहे सरकारी विद्यालयों के लिए इस तरह का सहयोग बेहद उपयोगी है और इससे अन्य लोग भी प्रेरित होते हैं। शिक्षकों ने भी बताया कि बेहतर बैठने की व्यवस्था से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि और अनुशासन बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रभुलाल गुर्जर पूर्व में भी विद्यालय में सांस्कृतिक मंच का निर्माण करवा चुके हैं और लगातार शिक्षा व सामाजिक कार्यों में सहयोग देते रहे हैं।

## बनास पुल अधूरा, बारिश से पहले बढ़ी चिंता

# चार माह देरी से शुरू हुआ काम भी थमा, केवल 20 मीटर निर्माण; ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**



कस्बा सहित क्षेत्र में सितंबर 2025 की भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हुआ बनास नदी का पुल अब तक अधूरा पड़ा है और प्रशासनिक लापरवाही की तस्वीर पेश कर रहा है। निर्माण कार्य देरी से शुरू होने के बाद भी अब पूरी तरह ठप पड़ा है, जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार पुल निर्माण का कार्य करीब चार माह की देरी से शुरू किया गया था। इस दौरान लगभग 200 मीटर हिस्से को तोड़ दिया गया, लेकिन अब तक केवल करीब 20 मीटर वन साइड में ही एक दीवार का निर्माण किया जा सका है। मार्च माह से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। इधर, मानसून नजदीक आने के साथ ही ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। वर्तमान में आवागमन के लिए नदी के भीतर अस्थायी बायपास बनाया गया है, जो बारिश शुरू होते ही बंद हो जाएगा और क्षेत्र का संपर्क पूरी तरह कट सकता है। यह पुल आकोला, बड़लियास सहित कई गांवों के लिए जीवनरेखा माना जाता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्य शुरू कर समय पर पुल निर्माण पूरा करने की मांग की है, ताकि आगामी बारिश में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।